सार-समाचार

इलेक्ट्रॉनिक बेल भेंट, टीवी की घोषणा

जालोर, (का.सं.)। जिले के निकटवर्ती मादलपुरा ठााम स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक पहल देखने को मिली। भामाशाह सलीम खान मुगल द्वारा विद्यालय को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ने के उद्देश्य से इलेक्ट्रॉनिक बेल (घंटी) भेंट की गई तथा जल्द ही स्मार्ट टीवी उपलब्ध करवाने की घोषणा की गई। प्रेरक भंवरू खान पठान ने जानकारी देते हुए बताया कि सलीम खान पुत्र अली खान मुगल, निवासी बाकरा गांव, जो लंबे समय से सामाजिक सरोकारों से जुड़े हुए हैं और शिक्षा के प्रति विशेष रुचि रखते हैं। इसी क्रम में उन्होंने विद्यालय में विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इलेक्ट्रॉनिक बेल प्रदान की, जिससे समय प्रबंधन में सुधार होगा और शिक्षण व्यवस्था अधिक सुचारु रूप से संचालित हो सकेगी। साथ ही स्मार्ट टीवी की घोषणा से बच्चों को डिजिटल माध्यम से पढ़ाई करने का अवसर मिलेगा, जिससे उनकी शिक्षा और अधिक प्रभावी बनेगी।इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक छोटा सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। संस्था प्रधान दिनेश कुमार राव ने भामाशाह सलीम खान का साफा पहनाकर सम्मान किया, जबकि प्रबोधक भोलाराम देवासी ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया। उपस्थित शिक्षकों और ठाामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बताया। कार्यक्रम के दौरान इब्राहिम खान, हितेश कुमार दवे, अफरोज खान सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने भामाशाह के इस योगदान को विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। विद्यालय परिवार ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सहयोग से न केवल संसाधनों की कमी दूर होती है, बल्कि समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक संदेश भी जाता है।

खेतेश्वर जयंती पर शोभायात्रा निकाली

जोधपुर, (कासं)। राजपुरोहित समाज के आराध्य ब्रह्म ऋषि संत खेतेश्वर महाराज की 114वीं जयंती बुधवार को धूमधाम से श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस दौरान श्री खेतेश्वर जयंती महोत्सव समिति के तत्वावधान में संत खेतेश्वर की आकर्षक झांकियांयुक्त शोभायात्रा निकाली गई। इसमें संत खेतेश्वर महाराज का जीवन परिचय, पर्यावरण, नशा मुक्ति एवं सामाजिक जागरूकता, स्वच्छता, मतदान का संदेश देती झांकियां भी नजर आई। शोभायात्रा का अनेक स्थानों पर स्वागत किया गया। समिति अध्यक्ष चैनसिंह भाटेलाई व लक्ष्मणसिंह बड़ली ने बताया कि यह शोभायात्रा 12वीं रोड से बैंडबाजों के साथ रवाना हुई विभिन्न मार्गों से होते हुए गांधी मैदान पहुंचकर विसर्जित हुई। शोभायात्रा ब्रह्म सावित्री सिद्ध पीठाधीश्वर संत तुलछाराम महाराज, वेदांताचार्य डॉ. ध्यानाराम महाराज सहित अनेक संतों के सान्निध्य में निकाली गई। इसमें कई झांकियां सम्मिलित हुई। शोभायात्रा में समाज के लोग धोती-कुर्ता व साफा सहित पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। शोभायात्रा में पारंपरिक व सांस्कृतिक झांकियों के माध्यम से खेतेश्वर महाराज के जीवन से जुड़े प्रसंगों को जीवंत किया गया। शोभायात्रा में खेताराम महाराज व अन्य देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां शामिल हुई। शोभायात्रा में विभिन्न देवी-देवताओं और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण और अन्य देवी देवताओं से संबंधित झांकियां भी सजाई गई।

ललित कुमार का सेमीनार के लिए चयन

जालोर , (कासं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रोपसी,भीनमाल में कार्यरत शारीरिक शिक्षक ललित कुमार का राष्ट्रीय वुशू जजिंग सेमीनार के लिए चयन हुआ है। जिला वुशू संघ के महासचिव कन्हैयालाल मिश्रा ने बताया कि 24 से 30 अप्रैल तक पारुल यूनिवर्सिटी, वडोदरा,गुजरात में राष्ट्रीय वुशू जजिंग सेमिनार का आयोजन भारतीय वुशू संघ द्वारा किया जा रहा है।उक्त सेमीनार के लिये जालोर जिले से वुशू खेल के ए ग्रेड व एनआईएस कोच ललित कुमार का चयन हुआ है।यह जालोर जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है।ललित कुमार राष्ट्रीय जजिंग सेमिनार में वुशू खेल के नियमों व नवीन परिवर्तनों की जानकारी लेंगे। गौरतलब है कि ललित कुमार विगत कई वर्षों से राज्य व राष्ट्रीय वुशू खेलकूद प्रतियोगिता में निर्णायक व कोच की भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं।ललित कुमार के राष्ट्रीय वुशू जजिंग सेमीनार के लिए चयन होने पर राजस्थान वुशू संघ के अध्यक्ष हीरानंद कटारिया,महासचिव ममता वर्मा, भारतीय वुशू टीम कोच राजेश कुमार टेलर,जिला वुशू संघ के अध्यक्ष शिवदत्त आर्य,संरक्षक दलपतसिंह आर्य, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश खंडेलवाल, आर्य वीर दल जालोर के अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी, संचालक प्रशान्त सिंह, संगठन मंत्री कांतिलाल आर्य,राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रोपसी के प्रधानाचार्य कमलेश कुमार,जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष भरत मेघवाल, सेपक टकरा संघ के अध्यक्ष विनोद आर्य, शिक्षक नेता अंबिका प्रसाद तिवारी,छगन आर्य,मोहनलाल आर्य,जगदीश आर्य, गणपतलाल आर्य, वूशु कोच प्रितम सिंह राठौड,देवेश आर्य,छगन नाथ,भूराराम आर्य सहित विभिन्न खेल संघों व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रोपसी के स्टाफ ने खुशी जताई।

आहोर में खाद्य पदार्थों के नमूने लिए

जालोर/आहोर,(का.सं.)। खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग ने बुधवार को आहोर में आइसक्रीम और कुल्फी निर्माण इकाइयों, ज्यूस सेंटर एवं मिष्ठान भंडार पर कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर विभाग ने नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाएं है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान के निर्देश, जिला कलेक्टर प्रदीप के. गांवडे एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ भैराराम जाणी निर्देशानुसार आहोर के विभिन्न क्षेत्रों में आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक, कुल्फी, पेय पदार्थों,और मिठाई की दुकानों, फर्मों का निरीक्षण किया। टीम में उपखंड अधिकारी आहोर रोहित चौहान के नेतृत्व में बीसीएमओ आहोर डॉ छैलसिंह देवडा एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी हनवन्त सिंह द्वारा आहोर में महादेव मिष्ठान भंडार से यूज ऑयल तथा मावा बर्फी के नमूने लिए तथा खराब मावा निर्मित मिठाई मौके पर नष्ट करवाई गई। मेसर्स महावीर आइसक्रीम यूनिट से आइसक्रीम के नमूने लिए गए तथा विभिन्न ज्यूस सेंटर का निरीक्षण कर एफएसटीएल के माध्यम से मौके पर ही ज्यूस एवं पेय पदार्थ की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी हनवन्त सिंह ने बताया कि अभियान के तहत जिलेभर में लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने आमजन से अपील की कि खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों से बचें तथा गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थों का ही उपयोग करें।

सुप्रीम कोर्ट से मिली ज़मानत निरस्त

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर में चल रहे एटीएस के मुक़दमे में मुल्जिम मोहम्मद अमार यासर को सुप्रीम कोर्ट से मिली ज़मानत को अपर जिला एवं सेशन न्यायालय संख्या 3 जज देवेन्द्र सिंह ने ज़मानत ख़ारिज कर दी। अभियोजक एटीएस दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि उक्त प्रकरण में मुल्जिम मोहम्मद अमार यासर को 3 मई 2024 द्वारा जमानत स्वीकार की गई थी तथा सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्देश जारी किए गए थे कि ज़मानत की शर्तें विचारण न्यायालय द्वारा तय की जाये। विचारण न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायालय संख्या 3 जोधपुर महानगर द्वारा ज़मानत की शर्ते निर्धारित की गई जिसमें शर्तें संख्या 2 में प्रार्थी अभियुक्त इस प्रकार के अपराध की पुनरावृत्ति नहीं करेगा की शर्त निर्धारित की गई थी। मुल्जिम मोहमद अमार यासर को ज़मानत मिलने के बाद देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाया गया जिस कारण झारखंड एटीएस द्वारा एफआईआर संख्या 06/2025 में गिरफ़्तार किया गया जिसमें उससे मोबाइल भी बरामद किया गया जिसमें देश विरोधी संदिग्ध सामग्री पाई गई। न्यायालय द्वारा बाद सुनवाई मुल्जिम मोहमद अमार यासर को मिली ज़मानत को ज़मानत की शर्तों का उल्लंघन मानते हुए निरस्त किया गया उसे प्रोडक्शन वारंट से तलब किया गया है।

टी.टी.ई. ने ईमानदारी का परिचय दिया

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर से दिल्ली कैंट जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस में मिले दो लावारिस ट्रॉली बैग को सुरक्षित बरामद कर जोधपुर मंडल के टीटीई ने ईमानदारी का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया। सीनियर डीसीएम हितेश यादव ने बताया कि ट्रेन संख्या 26481 जोधपुर-दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस के कोच सी-6 में टिकट जांच के दौरान जोधपुर के एसटीटीई सलमान खान को गेट के पास दो लावारिस बैग मिले। जांच में बैग से कपड़े, मिठाई के डिब्बे, गिफ्ट आयटम और करीब 35 हजार रुपए नकद मिले। टीटीई ने सामान को सुरक्षित अपने कब्जे में लिया और बाद में जोधपुर वाणिज्य नियंत्रण कार्यालय के समन्वय से आरपीएफ अलवर को सुपुर्द कर दिया। जांच में सामने आया कि बैग यात्री राजेश मोदी के हैं, जिनका टिकट जयपुर से दिल्ली कैंट तक का था। वे ट्रेन में सवार नहीं हो सके, लेकिन उन्होंने अपना सामान ट्रेन में चढ़ा दिया था। ट्रेन रवाना हो गई। यात्री ने रेल मदद ऐप के जरिए रेलवे को सामान छूटने की सूचना दी।

डी.आर.एम. ने जोधपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया

जोधपुर, (कासं)। ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बढ़ते यात्री दबाव को देखते हुए जोधपुर मंडल के डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने जोधपुर रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने यात्रियों को बेहतर एवं उच्च स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने पेयजल, स्वच्छता, प्रतीक्षालय, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था एवं टिकट व्यवस्था सहित सभी मूलभूत यात्री सुविधाओं की गहन जांच की।

साथ ही प्लेटफॉर्म पर खड़ी ट्रेनों का आकस्मिक निरीक्षण कर यात्रियों से सीधे संवाद कर फीडबैक भी लिया। उन्होंने ऑनबोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस (ओबीएचएस) एवं क्लीन ट्रेन सिस्टम (सीटीएस) से जुड़े अधिकारियों और सुपरवाइजर्स से चर्चा कर सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने तथा अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्राइमरी ट्रेन मेंटेनेंस को लेकर भी अधिकारियों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता पर विशेष ध्यान देने को कहा। निरीक्षण के दौरान सफाई कर्मचारियों को स्वच्छता के सभी मानकों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए, ताकि स्टेशन परिसर में उच्च स्तर की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा

इस दौरान डीआरएम ने स्टेशन पुनर्विकास के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने निर्माण विभाग के अधिकारियों से विस्तृत जानकारी लेकर समयबद्ध कार्य पूर्ण करने पर जोर दिया। निरीक्षण में पाई गई कमियों पर संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए। डीआरएम ने स्पष्ट किया कि गर्मी की छुट्टियों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए सभी कमियों को प्राथमिकता से दूर किया जाए और यात्रियों को बेहतर रेल सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही सभी व्यवस्थाओं की निरंतर मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

निरीक्षण के बाद डीआरएम ने कार्यालय सभागार में बैठक लेकर यात्री सुविधाओं एवं सफाई व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान कैरेज एंड वैगन,पावर,ईएनएचएम तथा वाणिज्य विभाग के अधिकारियों व सुपरवाइजर्स के साथ विस्तृत चर्चा कर बेहतर समन्वय पर जोर दिया।

जोधपुर रेलवे मंडल ग्रीन एनर्जी का पावर हाउस बना

उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल ने पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा बचत की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वर्ष 2025-26 के दौरान मंडल में कुल 1700 किलोवाट पीक (केडब्ल्यूपी) क्षमता के सोलर प्लांट सफलतापूर्वक कमीशन किए जा चुके हैं। इन सोलर प्लांट्स के संचालन से प्रतिवर्ष लगभग 24.82 लाख यूनिट बिजली की बचत होने का अनुमान है, जिससे न केवल ऊर्जा लागत में कमी आएगी बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी। रेलवे की यह पहल ग्रीन एनर्जी के अधिकतम उपयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

मंडल रेल प्रबंधक ने आगे बताया कि इसके अतिरिक्त 150 केडब्ल्यूपी क्षमता के सोलर प्लांट भी विभिन्न स्थानों पर स्थापित किए जा चुके हैं, जिनकी कमिशनिंग का कार्य तेजी से प्रगति पर है। इनके चालू होने के बाद ऊर्जा उत्पादन क्षमता में और अधिक वृद्धि होगी। रेलवे द्वारा अपनाई जा रही यह हरित पहल कार्बन उत्सर्जन को कम करने के साथ-साथ सतत विकास की दिशा में भी एक मजबूत संदेश दे रही है। जोधपुर मंडल का यह प्रयास भविष्य में अन्य मंडलों के लिए भी प्रेरणादायक साबित होगा।

जोधपुर के तीन युवकों से झुंझुनू के दो युवकों ने लाखों की धोखाधड़ी की

जोधपुर, (कासं)। शहर के रातानाडा स्थित सुभाष चौक में रहने वाले तीन युवकों से 25 लाख के करीब का फ्रॉड हो गया। झुंझुनू के दो युवकों ने उन्हें झांसे में लेकर म्युच्यूअल फंड में इंवेस्टमेंट के नाम पर अपनी धोखाधड़ी का शिकार बनाया। 16 महिने बीतने के बाद भी ना तो मुनाफा मिला और ना ही दी गई राशि लौटाई गई। आरोपियों ने अब अपना फोन भी बंद कर दिया और ठिकाना भी बदल लिया है। रातानाडा पुलिस ने कोर्ट से मिले इस्तगासे पर धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच आरंभ की है।

रातानाडा पुलिस ने बताया कि न्यू रेलवे कॉलोनी, सुभाष चौक निवासी प्रमोद जटवाल, रामावतार एवं अश्विनी कुमार की तरफ से एक संयुक्त परिवाद दिया गया। इसमें बताया कि उनकी पहचान झुंझुनू के बासरी निवासी गौरव शर्मा से वर्ष 2022 से थी। गौरव शर्मा ने बाद में उन्हें झुंझुनूं के पुजारियों का मोहल्ला निवासी ललित शर्मा से मिलाया था। ललित शर्मा ने खुद को एक बड़ी कंपनी में होना बताकर उनसे इंवेस्मेंट करने को कहा। उन्हें रूपए डबल करने का आश्वासन दिया गया। इस पर बाद में तीनों ने मिलकर ललित शर्मा और गौरव शर्मा के कहे अनुसार म्युच्यूअल इंडेक्स फंड में इंवेस्टमेंट किया।रिपोर्ट के अनुसार प्रमोद जटवाल ने 13 नवंबर से 17 नवंबर 2024 फिर 1 अक्टूबर 2025 से 11 अक्टूबर 2025 तक 9 लाख रूपए इंवेस्ट किए। जोकि फोन पे, गूगल और अन्य ऑन लाइन साधन से दिए गए।

वहीं रामावतार की तरफ से 16 जून 2025 से 8 नवंबर 2025 तक 13 लाख रूपए दिए गए। साथ ही अश्विनी कुमार ने 4.38 लाख रूपए इंवेस्ट किए।

इसके बाद आरोपियों ने फोन उठाना बंद कर दिया। 16 महिने गुजरने के बाद भी जमा कराई वापिस नहीं मिली। साथ ही मुनाफा भी नहीं दिया गया। आरोपियों ने अपना ठिकाना भी बदल दिया है। पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच आरंभ की है।

पृथ्वी दिवस पर राहगीरों को पिलाया शीतल जल

पाली,(नि.सं.)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय पाली के तत्वावधान में आज विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया।

सी ओ गाइड डिंपल दवे ने बताया कि आज नया बस स्टैंड पर राहगीरों को शीतल जल पिलाकर जल सेवा अभियान का आगाज किया गया। शहर के नयागांव रोड पर कात्यायनी उच्च माध्यमिक विद्यालय के स्काउट गाइड द्वारा यूनिट लीडर भागीरथ वैष्णव और संस्थापक भीम सिंह के निर्देशन में जल सेवा प्रारंभ की गइ। सड़क पर चलने वाले राहगीरों को शीतल जल पिलाकर जल सेवा प्रारंभ की गई।

स्काउट गाइड ने पेड़ों पर परिंडे बांधकर पशु पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मोहन लाल भाटी, पुरुषोत्तम पुरी गोस्वामी, करमा राम, मोहन सिंह राठौड़, दौलत सिंह, जितेंद्र, काव्या एवं रोवर रेंजर उपस्थित रहे।

सी ओ स्काउट गोविन्द मीना ने बताया कि जिले में सत्र के प्रारंभ में स्काउट गाइड ग्रुपों के निरीक्षण का अभियान 20 से 25 अप्रैल 2026 तक किया जा रहा है। ग्रुप विजिट अभियान के तहत स्काउट गाइड यूनिट को सक्रिय करना, बकाया कोटामनी संग्रहण, नवीन यूनिट का पंजीकरण ओर स्काउट गाइड की योग्यता वृद्धि के साथ यूनिट लीडर की योग्यता वृद्धि के लिए आवश्यक निर्देश प्रदान करना मुख्य लक्ष्य रखा गया है।

आज पृथ्वी दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न विद्यालयों में स्काउट गाइड द्वारा पक्षियों के लिए परिंडे बांधकर नियमित पानी उपलब्ध करवाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। स्काउट गाइड स्थानीय संघ के सचिव ओर ट्रेनिंग काउंसलर द्वारा विभिन्न विद्यालयों में स्काउट गाइड द्वारा मूक पक्षियों के लिए परिंडे बांधकर सेवा का संकल्प लिया गया।

जिला मुख्यालय पाली पर एवं विभिन्न स्थानीय संघ पर आज भीषण गर्मी को देखते हुए जल सेवा अभियान का भी शुभारंभ किया गया।

इसमें सड़क पर चलने वाले यात्रियों को शीतल जल उपलब्ध कराकर पानी का प्रबंध किया गया। इसके साथ ही जानवरों के लिए रखे गए खेलियों/जलपात्र में पानी भरकर पशु एवं जानवर के लिए पानी का प्रबंध किया गया।

माथुर आज आएंगे

सिक्किम राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर 23 अप्रैल को प्रात: 10 बजे बर से प्रस्थान कर अपराहं 12 बजे तखतगढ़ सुमेरपुर पहुंचेंगे, जहां वे विभिन्न परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास समारोह में भाग लेंगे।

सम्मान समारोह आज होगा

पाली, (नि.सं.)। अखिल रावणा राजपूत सेवा संस्थान पाली की ओर से गुरूवार को सर्वोदय नगर स्थित जिला सभा भवन मे सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार संस्थान के संरक्षक मूल सिंह भाटी एवं जिलाध्यक्ष प्रमेन्द्र सिंह परिहार ने बताया कि इस मौके पर अखिल रावणा राजपूत सेवा संस्थान के तीसरी बार निर्विरोध निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष 'रणजीत सिंह सोडाला, महिला प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती अनीता चौहान , पूर्व जिलाध्यक्ष पाली एवम् वर्तमान प्रदेश महामंत्री मूल सिंह गहलोत एवम् युवा प्रदेशध्यक्ष सुधीर चौहान के अलावा समाज के नवचयनित राज्य प्रशासनिक अधिकारियो का स्वागत किया जाएगा।

इस मौके पर शहर अध्यक्ष रतन सिंह झाला, अध्यक्ष साध श्री अनोपदास सेवा समिति पाली लाल सिंह पंवार, महिला जिलाध्यक्ष श्रीमती सिंधु कंवर, मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार एवं समाज की ईकाईयों के अध्यक्ष पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहेंगे।

पुत्र की करंट से मौत के बाद पिता का एक्सीडेंट, ब्लॅड डोनर ग्रुप ने किया रक्तदान

जालोर, (कासं)। जालोर जिले के थलूंडा गांव के एक परिवार पर बुधवार को दुखों का पहाड टूट पडा। विधुत करंट से पुत्र की मौत की सूचना पर बाईक पर जा रहे पिता भी दुर्घटना के शिकार हो गये। अस्पताल में भर्ती करवाया गया। ब्लड डोनर ग्रुप जालोर ने समय पर रक्तदान देकर जान बचाई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, थलूंडा निवासी रामाराम (पुत्र रूपाराम) की बालवाडा गांव में विद्युत करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। पुत्र की मौत की हृदयविदारक सूचना मिलने पर पिता रूपाराम अत्यंत व्याकुल होकर तुरंत बालवाडा के लिए निकले। लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था, रास्ते में ही उनका भी एक भीषण सडक हादसा हो गया। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्हें जालोर के अपेक्स हॉस्पीटल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। अत्यंत नाजुक स्थिति को देखते हुए रूपाराम को ओ पॉजिटिव ब्लड की तत्काल आवश्यकता होने पर जालौर ब्लड डोनर संस्था के संरक्षक नितेश भटनागर व तरुण सिद्धावत ने सक्रियता दिखाते हुए मरीज तक रक्त की आपूर्ति सुनिश्चित की। इस संकट की घडी में पूर्व में आयोजित कालू सिंह टेकरा स्मृति रक्तदान शिविर के दौरान रक्तदाताओं को दिए गए ब्लड कार्ड्स ने बडी भूमिका निभाई। संस्था के सहयोग से रक्तमित्र राणाराम ओ पॉजिटीव, लक्ष्मण कुमार एबी पॉजिटीव और कपिल बी पॉजिटीव ने अपने ब्लड कार्ड बैंक में जमा करवाए। इन कार्ड्स के माध्यम से ब्लड बैंक से ओ पॉजिटिव की 3 यूनिट रक्त उपलब्ध करवाकर मरीज को तुरंत चढाया गया, जिससे उनकी जान बचाने के प्रयासों को बडी मदद मिली है।

युवती की मौत

जोधपुर, (कासं)। निकटवर्ती मथानिया के रामपुरा भाटियान गांव में एक युवती ने भूल से कीटनाशक सेवन कर लिया। तबीयत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया। उसकी उपचार के बीच मौत हो गई।

उसके भाई की तरफ से पुलिस में मर्ग की रिपोर्ट दी गई। मथानिया पुलिस ने बताया कि मूलतः नागौरी बेरा मंडोर हाल डालाबेरा रामपुरा भाटियान निवासी महेंद्र पुत्र संतोकराम ने रिपोर्ट दी है।

इसमें बताया कि उसकी बहन 19 वर्षीय संजू ने 18 अप्रैल को खेत पर काम करने के समय भूल से कीटनाशक का सेवन कर लिया था। इस पर उसकी तबीयत बिगड़ गई। बाद में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, अब मौत हो गई।

किसान का शव खून से लथपथ मिला

पाली, (नि.सं.)। पाली में खेत की रखवाली करने गए किसान की बॉडी उसके ही खेत में खून से लथपथ हालत में मिली। घर नहीं लौटने पर बेटे पिता को ढूंढते हुए खेत पर पहुंचे थे। सिर पर लाठी, रॉड और पत्थर से हमला किए जाने के सबूत पुलिस को मिले हैं। सिर फटने से किसान की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। घटना शिवपुरा थाना क्षेत्र में धीनावास रोड स्थित मिठानिया बेरा में मंगलवार रात करीब 8 बजे हुई।

शिवपुरा थानाप्रभारी भंवरलाल ने बताया कि धाकड़ी निवासी चुन्नीलाल (50) पुत्र हीरालाल सीरवी मंगलवार को धीनावास रोड स्थित मिठानिया बेरा क्षेत्र में अपने खेत में बोई फसल की रखवाली के लिए गए थे। चुन्नीलाल शाम सात बजे तक भी घर नहीं लौटे थे। इसके बाद उनके दोनों बेटे शेराराम और भीकाराम उन्हें लेने खेत पर गए, जहां उनकी बॉडी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस शाम को ही मौके पर पहुंच गई थी और मामले की जांच में जुटी है। मृतक का सिर फटा हुआ मिला और सिर से खून बह रहा था। सिर के पिछले हिस्से में किसी धारदार हथियार से हमला किए जाने की बात भी सामने आई है। बड़ा पत्थर मारकर हत्या की आशंका है। सिर पर लाठी, रॉड और पत्थर से हमला किए जाने के सबूत पुलिस को मिले हैं।

चुन्नीलाल के दो बेटे हैं, जिनमें भीकाराम पुणे में नौकरी करता है, जबकि शेराराम गांव में ही पिता के साथ रहता था। मृतक की पत्नी सुआदेवी और मां हीरकीदेवी को जैसे ही घटना की जानकारी मिली, उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

सी.ई.ओ. नंदकिशोर राजोरा ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया

जालोर,(कासं) । विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरे मंदिर रोड जालोर में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम अतिथियों ने दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा ने विश्व पृथ्वी दिवस पर स्वयं के स्तर से छोटी-छोटी चीजों में पृथ्वी के संरक्षण, संवर्धन पर प्रकाश डाला एवं अपने करियर के लिए पूर्ण मनोयोग से एकाग्रचित होकर मेहनत करने की सलाह दी। उपस्थित अतिथियों ने भी पृथ्वी दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन सायला नाका प्रभारी ईश्वर सिंह राव ने किया गया।

कार्यक्रम के दौरान आदर्श शिक्षण संस्थान के उपाध्यक्ष प्रेमसिंह, आदर्श विद्या मंदिर जालोर के नगर विकास निदेशक अजय कुमार गुप्ता, सहायक वन संरक्षक भंवर सिंह सोढ़ा, भारतीय जीवन बीमा निगम के विकास अधिकारी भरत गोयल, प्रधानाचार्या मंजू परमार, प्रधानाचार्य नितिन ठाकुर, ,वन विभाग से क्षेत्रीय वन अधिकारी भागीरथ सिंह, रेंजर प्रवीण सिंह देवड़ा, मातृशक्ति, विद्यालय के छात्र-छात्राएँ एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

वही विश्व पृथ्वी दिवस पर प्रात:काल प्रभात फेरी का आयोजन किया गया जिसे सहायक वन संरक्षक भंवरसिंह सोढ़ा ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। प्रभात फेरी के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिकाधिक पौधारोपण करने का संदेश दिया। विश्व पृथ्वी दिवस पर विद्यालय में सह शैक्षिक गतिविधियों के तहत वन विभाग द्वारा चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें बालक एवं बालिका वर्ग में विजेता छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं पारितोषिक वितरण किए गए।

कल्याण सिंह, सुंदर चंपावत, वनपाल चंद्रावती, रुपाराम मुकेश शर्मा, वनपाल रज्जाक खान सहायक, गुलाब खान, शारदा मंडा, निरमा कुमारी, किशोर कुमार, मधु कुमारी, भंवरलाल, वन संरक्षक बाबू सिंह मौजूद रहे।

जेएनवीयू में बकाया पेंशन की मांग को लेकर प्रदर्शन

जोधपुर, (कासं)। जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय (जेएनवीयू) में पेंशनर्स ने बकाया पेंशन के भुगतान की मांग को लेकर पेंशन सोसाइटी के बैनर तले केंद्रीय कार्यालय में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने विवि प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आज के धरने में उन अभावग्रस्त अशैक्षिणक वरिष्ठ कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से कमान संभाली जिन्होंने या तो अपने परिजनों को पेंशन न मिलने के कारण खो दिया या जो धनाभाव के कारण भूखों मरने के कगार पर हैं।

प्रदर्शनकारियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से स्पष्ट कहा कि अब केवल मौखिक आश्वासन नहीं, बल्कि लिखित में पेंशन भुगतान की गारंटी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन और तेज किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए पेंशनधारकों ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन बकाया पेंशन का भुगतान न करके अन्याय का परिचय दे रहा है, जो हमें किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं है। उन्होंने बताया कि अधिकांश कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति इतनी दयनीय हो चुकी है कि वे अपने परिवार का न केवल भरण-पोषण करने में असमर्थ हैं, बल्कि उन्हें आवश्यक चिकित्सा सुविधा भी नहीं दे पा रहे हैं। ऐसे ही अनेक कर्मचारियों ने अपनी व्यथा सबके समक्ष व्यक्त की। जिनमें बाबूलाल सियोटा, अमर सिंह, प्रदीप कुमार शर्मा, नूरजहां, रविन्द्र सिंह शेखावत, मोहम्मद शरीफ, जेठू सिंह, तथा परमेश्वर सिंह चौहान आदि थे। आज प्रदर्शन में सम्मिलित होने वालों में पूर्व कुलपति प्रो. भंवर सिंह राजपुरोहित, प्रो. कैलाशनाथ व्यास, प्रो. बीना त्रिपाठी, प्रो. पीके बनर्जी, राकेश मेहता, राधेश्याम शर्मा, दिनेश रामावत, गोपाल चौहान आदि के साथ साथ अनेक वरिष्ठ जन भी उपस्थित रहे।

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए संयोजक अशोक व्यास और अध्यक्ष प्रोफेसर राम निवास शर्मा ने कहा कि जब तक हमारी पेंशन का भुगतान नहीं हो जाता या विश्वविद्यालय लिखित में बकाया पेंशन भुगतान की तारीख नहीं बताएगा, तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

बार काउंसिल चुनाव, चारों बूथों पर मतदान स्थगित

जोधपुर, (कासं)। बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के चुनाव को लेकर जोधपुर की हेरिटेज बिल्डिंग परिसर में बनाए गए चारों बूथों पर मतदान स्थगित किया गया है।

बता दें कि बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के चुनाव के लिए आज सुबह 8 बजे से मतदान शुरू हुआ था, लेकिन जोधपुर में 4 में से 3 बूथ पर बैलेट पेपर खत्म होने मतदान रुक गया।

सुबह से भारी भीड़ और अव्यवस्थाओं की वजह से वकीलों में रोष के चलते हंगामे के आसार बन गए थे। उन्होंने चुनाव स्थगित करने की मांग की, जिसके बाद चुनाव अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. सचिन आचार्य ने सभी कैंडिडेट्स के साथ बैठक की।

इसमें उम्मीदवारों की मांग को देखते हुए समिति ने सभी 4 बूथों पर मतदान स्थगित कर दिया। यहां री-पोलिंग की डेट अलग से तय की जाएगी।

बता दें कि बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के 23 सदस्यों के निर्वाचन के लिए बुधवार सुबह 8 बजे से मतदान शुरू हो गया है, लेकिन जोधपुर में निर्धारित समय से पहले ही वकीलों की लंबी कतारें लग गई। दोपहर बाद तक तो यहां हालात बेहद नाजुक होते नजर आए, क्योंकि भीषण गर्मी में कई घंटे इंतजार के बाद भी उनका नंबर नहीं आया। कईं वकीलों ने गर्मी में हो रही परेशानी का जिक्र करते हुए पीड़ा बयां की। इसमें पीने के पानी की व्यवस्था हो, या तय लाइनों को व्यवस्थित करना, हर पहलू पर वे अव्यवस्थाओं को उजागर करते नजर आए।

एच.पी.वी. वैक्सीन व कैंसर जागरूकता कार्यशाला आयोजित

पाली, (नि.सं.)। पीएमश्री राजकीय बालिया बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, पाली में भारत विकास परिषद शाखा पाली व नूतन पहल महिला समिति ,पाली द्वारा आयोजित की गई ।

अध्यक्ष नूतन बाला कपिला ने बताया- कैंसर से सुरक्षा एचपीवी वैक्सीन के द्वारा भविष्य में होने वाले कई प्रकार के कैंसर (खास तौर पर सर्वाइकल कैंसर)से बचाव करती है डॉक्टर उजमा ने बताया- 14 वर्ष की पूर्णता व 15 वर्ष में में टीका लगाया जा सकता है यह चिकित्सा विभाग के सहयोग से लगाया जाता है वैक्सीन सुरक्षित और प्रामाणिक रूप से वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित है दुनिया भर में लाखों बच्चों को लगाया जा चुका है। प्रतिभा पांडे ने बताया- नजदीकी डीएच/ एसडीएच/ सीएचसीएस पर आसानी से वैक्सीनेशन लगवाया जा सकता है प्रधानाचार्य सुनील शर्मा ने बताया कि भारत विकास परिषद और नूतन पहल महिला समिति,पाली दोनों ही बालिका और महिलाओं के शिक्षा और स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित करती है। प्रभारी प्रियंका चौपड़ा सदस्य ,सुश्री पुष्पा परिहार, प्रांतीय महिला संस्कार प्रभारी श्रीमती इन्दु शर्मा विद्यालय के जसविंदर कौर , प्रतिमा सिंह, प्रतिभा नवल ,अंकिता गौतम आदि मौजूद रहे।

नर्सिंग स्टाफ से मारपीट की

जोधपुर, (कासं)। शहर के महात्मा गांधी अस्पताल में आर्थोपैडिक ऑपरेशन थियेटर में अस्पताल के एक पूर्व सुरक्षा गार्ड द्वारा नर्सिंग स्टाफ से मारपीट कर जान की धमकीं देने का मामला सामने आया है।

संविदा पर लगे एक अन्य नर्सिंग स्टाफ की तरफ से पूर्व सुरक्षा गार्ड सहित अन्य के खिलाफ राजकार्य में बाधा डालने, मारपीट करने और धमकाने का केस दर्ज कराया है।

सरदारपुरा पुलिस थाने के एएसआई रमेश विश्नोई ने बताया कि चांदपोल निवासी मोन्टु पुत्र उमरचंद जो एमजीएच में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है। उसकी तरफ से दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 20 अप्रैल की रात करीब 9.30 बजे वह इमरजेंसी ऑर्थोपेडिक ऑपरेशन थिएटर में ड्यूटी पर था। उस समय डॉक्टरों की टीम नर्सिंग स्टॉफ विष्णु गौतम एवं राहुल पंवार डॉ विकास ,डॉ दुष्यत ,डॉ आर्यन मरीज की सर्जरी कर रहे थे। तब सन्नी नाम का युवक अपने तीन चार साथियों संग आया और ओटी में घुस गया। उसने स्टाफ से मारपीट करने के साथ धक्काधूम की। उसने स्टाफ को जान की धमकीं भी दी।

एएसआई रमेश कुमार ने बताया कि अब तक की जांच में पता लगा कि आरोपी सन्नी एमजीएच में सुरक्षा गार्ड लगा हुआ था, जोकि दस दिनों से गैर हाजिर चल रहा था। तब ठेकेदार ने उसकी जगह पर किसी अन्य को काम पर रख लिया। वह भी संविदा पर ही लगाया गया था। इसको लेकर सन्नी नाराज हो गया और खुन्नस पाल बैठा।